# सत्र-2025-26

## मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान

MSRA

## प्रखर राजस्थान 2.0

2025-26

अवधि - 12 सप्ताह
(90 DAYS)

MGGS, [redacted]

# MSRA REGISTER

## ORF 2025

# प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान

## ९० दिवसीयं कार्य योजना

ORF - Oral Reading Fluency

मौखिक पठन प्रवाह कार्यक्रम 2025

रीडिंग रेमेडिएशन कार्यक्रम 2025

आरम्भ होने की दिनांक - 5 Sep 2025

समाप्त होने की दिनांक - 5 दिसम्बर 2025

अवधि - 12 सप्ताह / 90 days

कक्षा - 6 से 8 तक

[redacted]

प्रभारी — प्रधानाचार्य

# ORF-2025

प्रखर राजस्थान 1.0

हमने सुना, सीखा और
अब प्रस्तुत है ⇒
प्रखर 2.0
2025-सितम्बर

मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान
MSRA

प्रखर राजस्थान 2.0
जनवरी 2026 तक सभी विद्यार्थी
पठन कौशल में सक्षम
होंगे।

# प्रखर राजस्थान 2.0 अभियान सत्र 2025-26

## मौखिक पठन प्रवाह (ORF) कार्यक्रम

स्थानीय विद्यालय में शिक्षा विभाग के आदेशानुसार मौखिक पठन प्रवाह (ORF) कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों में पठन सुधार हेतु निम्नलिखित कार्य किए जायेंगे।

1. प्रति सप्ताह ORF हेतु प्रथम दो कालांश प्रथम, द्वितीय निर्धारित किये गये हैं।
2. कक्षा 6-8 के लिए प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों को प्रति समूह में बांटा है —

समूह इस प्रकार है :—

बीज C1 :— विद्यार्थी जिन्हें अक्षरों, मात्राओं को पहचानने में कठिनाई आती हैं।

अंकुरण C-2 :— विद्यार्थी जिन्हें शब्द पढ़ने में कठिनाई आ रही हैं।

पुष्पन C-3 :— विद्यार्थी जो वाक्यों / सरल पाठों को अटक कर पढ़ते हैं।

फलन C4 :— विद्यार्थी जो सरल पाठों को, कहानियों को धारा प्रवाह या समझ के साथ पढ़ पाते हैं।

रीडिंग रेमिडिएशन के दौरान विधार्थियो के बैठने की व्यवस्था :-

कक्षा – 6, 7, 8






# प्रखर राजस्थान 2.0

| क्षा | बीज | अंकुरण | पुष्पन | फलन |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| | | | | |

समूह

रेमेडिएशन समूह

⇓

साथ बैठे भाषा शिक्षक द्वारा पढ़ाया जाएगा

प्रार्थना में होने वाली गतिविधियाँ

⇓

कहानी/ कविता का वाचन या "रीड अलाउड" सत्र आयोजित करना ताकि विद्यार्थी का आत्मविश्वास बढ़े।

नॉन - रेमेडिएशन समूह

⇓

दूसरे शिक्षक के साथ बैठे व पुस्तकालय की पुस्तकों का इस्तेमाल करें।

पुस्तकालय गतिविधियाँ

⇓

विद्यार्थियों को पुस्तक पढ़ने और संबंधित गतिविधियां करने के लिए प्रोत्साहित करें

कक्षा गतिविधियाँ

⇓

सरल वाक्य / कार्य जैसे - पत्र लिखना एवं उसे अभ्यास के साथ बार-2 पढ़न करना।

## प्रखर राजस्थान 2.0
## ORF के उद्देश्य

* विद्यार्थियों में पठन कौशल की प्रभावशीलता विकसित करना।
* निश्चित समयावधि में समझ के साथ पढ़ने की संस्कृति विकसित करना।
* पठन कौशल के अनुकूल वातावरण का निर्माण करना।
* पुस्तकालय की पुस्तकों के अधिकतम उपयोग हेतु अवसर प्रदान करना।
* स्थानीय परिवेश की कहानियों, कविताओं को कक्षा-कक्षीय गतिविधियों मे शामिल करना।
* गतिविधि आधारित अधिगम (ABL किट) सामग्री का प्रभावी उपयोग करना।

## अपेक्षित अधिगम स्तर

| क्र.स. | लक्षित समूह | अपेक्षित अधिगम लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1) | विद्यार्थी जिन्हें अक्षरों मात्राओं को पहचानने में कठिनाई आ रही है। | 4-5 शब्दों वाले वाक्यों को पढ़ पाते है। |
| 2) | शब्दों को पढने में कठिनाई होती है। | सरल पाठो / छोटी कहानियों को समूह के साथ पढ़ पाते हैं। |
| 3) | वाक्यो एवं पाठो को अटक-अटक के पढ़ते हैं। | सरल पाठो / कहानियों को उचित गति, हावभाव एवं समझ के साथ पढ़ पाते है। |

प्रखर राजस्थान
2.0

सप्ताह 1

साप्ताहिक शिक्षण कार्य योजना कक्षा (6 से 8)

दिनांक- 5/9/2025 से 13/9/2025 तक

| अधिगम क्षेत्र | गतिविधि | समय | ABL सामग्री का विवरण |
| --- | --- | --- | --- |
| मौखिक भाषा का विकास | समूह A – C1, C2, C3<br>बीज C1, अंकुरण C2<br>बच्चों को कहानी चार्ट दिखाकर उसके आधार पर प्रश्न पूछे जायेंगे जैसे:- चित्र में आपको क्या-2 दिख रहा है?<br>इसके बाद चित्र आधारित कहानी को उतार-चढ़ाव के साथ सुनाया जायेगा<br>पुष्पन C3<br>ABL किट में आए फूलों के नाम पूछें जायेंगे और बोर्ड पर नाम लिखकर बार-2 दोहराव व बोलने का अभ्यास करवाया जायेगा। | 15 से 20 मिनट | ABL किट व कार्ड उपयोग में लिए जायेंगे। |
| डिकोडिंग (ध्वनि-प्रतीक संयोजन) | फूलो के नाम जो बोर्ड पर लिखे हैं उनको जोड़ते व तोड़ते हुए वर्णों की पहचान करवाई जायेगी।<br>जैसे – क, म, ल, न, आ।<br>क, म, ल और न वर्ण से बननेवाले शब्दों का अभ्यास करवाया जायेगा, जो शब्द बनेंगे चार्ट पर लिखकर कक्षा-कक्ष में लगाया जायेगा।<br>* ध्वनि जागरूकता का ज्ञान करवाया जायेगा। | 15 से 20 मिनट | ABL किट के सप्ताह वाले फ्लैश कार्ड से वर्णों की पहचान करवायेगें। वर्ण कार्डों से नए शब्द बनाने का अभ्यास करवाया जायेगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| धाराप्रवाह पठन एवं समझना | कहानी ;चार्ट पर कहानी-चुनमुन तोता को हावभाव के साथ पढ़कर सुनाया जायेगा।<br>सीखे वर्णों को पढ़ने को कहेंगे<br>* पुष्पन C3 – कहानी पढ़ने को कहेंगे | 15-20 मिनट | * पठन कौशल का विकास करना |
| लेखन | C1,C2,C3–चित्र कहानी व चित्रकार्ड के आधार पर चित्र बनाने को कहेंगे।<br>सीखे गये वर्णों को कॉपी मे लिखवायेंगे | 15-20 मिनट | श्रवण व लेखन कौशल का विकास करना |
| पुनरावृति | पढ़ाये गये की पुनरावृति करवाई जायेगी। | – | |

[redacted]

हस्ताक्षर प्रभारी

संस्था प्रधान